तापमान
अधिकतम 31.9°C
न्यूनतम 22.8°C

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

शहर में आज

- वार्ड नंबर 12 में स्वच्छता अभियान की शुरुआत सुबह 7 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे
- संयुक्त आयुक्त की निगम अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे

कांग्रेस भवन के बाहर दो थानों के सामने गोली लगने से भाजपा नेत्री के पति की मौत

पिता बोला- 32 करोड़ के लिए मेरे भाइयों ने ही मरवा दिया पुलिस ने कहा- आत्महत्या

0001 नंबर की गाड़ी में लाइसेंसी पिस्टल से गोली लगने की बात सामने आई, 32 करोड़ के चेक बाउंस को लेकर परिवार के लोगों से चल रहा था विवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

कांग्रेस कार्यालय व दो थानों के सामने सड़क किनारे खड़ी स्कॉर्पियो, अंदर चालक सीट पर पड़ा प्रदीप का शव और पास में मिली लाइसेंसी पिस्टल... इस घटना ने मौत की वजह को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है, लेकिन मृतक के पिता देवेंद्र ने बेटे की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। उनका कहना है कि 32 करोड़ रुपये के चेक बाउंस से जुड़े विवाद को लेकर परिवार के कुछ लोग लगातार दबाव बना रहे थे और करीब 10 दिन पहले घर आकर धमकी भी दी गई थी। ऐसे में पुलिस अब हादसे से लेकर गोली चलने तक के पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने में जुट गई है। मृतक की पहचान जनता कॉलोनी निवासी प्रदीप नारा के रूप में हुई है। उसकी पत्नी दीपिका भाजपा से पार्षद रह चुकी हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस के साथ एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की।

हादसे के बाद किनारे की गाड़ी

आर्यनगर थाना प्रभारी सुशील कुमार के अनुसार पुलिस को सबसे पहले प्रदीप की स्कॉर्पियो से हुए सड़क हादसे की सूचना मिली थी। कांग्रेस कार्यालय के पास पहुंचने से पहले गाड़ी की दो-तीन वाहनों से टक्कर होने की बात सामने आई है। इसके बाद स्कॉर्पियो बीच सड़क पर रुक गई। ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने प्रदीप को ड्राइविंग सीट के बराबर में बैठाकर गाड़ी सड़क किनारे कर दी। पुलिस के अनुसार उस समय प्रदीप शराब के नशे में था। इसके बाद उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार ली। पुलिस टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही घटना हो चुकी थी।

एफएसएल ने खंगाला घटनास्थल

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्कॉर्पियो की जांच की। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया और वाहन समेत घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस गोली चलने की परिस्थितियों, वाहन की स्थिति और घटनास्थल पर मौजूद अन्य संभावित साक्ष्यों की जांच कर रही है। मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच भी महत्वपूर्ण होगी। इनके आधार पर पुलिस मौत से जुड़े घटनाक्रम की आगे जांच करेगी।

पिता ने पोते और पोती को भी जान का खतरा बताया

प्रदीप के पिता देवेंद्र ने बेटे की मौत को आत्महत्या मानने के बजाय हत्या की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि परिवार के ही 8-10 लोग उन्हें और प्रदीप को परेशान कर रहे थे। करीब 10 दिन पहले कुछ लोगों के घर पहुंचकर धमकी देने का भी उन्होंने दावा किया। देवेंद्र के मुताबिक विवाद करीब 32 करोड़ रुपये के चेक बाउंस से जुड़ा है। उन्होंने आशंका जताई कि उन्हें, उनके पोते और पोती को भी जान का खतरा है। पुलिस अब इन आरोपों की भी पड़ताल करेगी।

मध्य प्रदेश में मारपीट का भी दावा

देवेंद्र ने बताया कि परिवार पहले मध्य प्रदेश में रहता था और बाद में रोहतक आकर बस गया। उन्होंने दावा किया कि 17 दिसंबर को प्रदीप मध्य प्रदेश में था और वहां उसके साथ मारपीट हुई थी। परिवार के रोहतक आने की वजह भी उन्होंने कथित धमकियों को बताया।

गाड़ी में मृत मिला प्रदीप, आंबेडकर चौक पर सनसनी





बिलखते परिजन


पुलिस कार्रवाई

ठेकेदारी का काम करता था

परिजनों के अनुसार प्रदीप ठेकेदारी का काम करता था। परिवार कई साल पहले रोहतक आकर बसा था। उसकी पत्नी दीपिका भाजपा से पार्षद रह चुकी हैं। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर भी मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी ली।

पैसों के लेन-देन का विवाद जांच के दायरे में

पिता ने 32 करोड़ रुपये के चेक बाउंस को विवाद की वजह बताया है। इसलिए पुलिस कथित लेन-देन, चेक, बैंक रिकॉर्ड और संबंधित लोगों के बीच हुए आर्थिक विवाद की भी जांच करेगी। इससे यह पता लगाने में मदद मिल सकती है कि प्रदीप पर किसी तरह का आर्थिक दबाव था या नहीं।


पूर्व मंत्री के सामने रोया दुखड़ा

सुलगते सवाल

हादसे के वक्त गाड़ी में प्रदीप के अलावा कोई और था या नहीं
सबसे अहम सवाल यह है कि हादसे के समय स्कॉर्पियो में प्रदीप अकेला था या कोई अन्य व्यक्ति भी उसके साथ था। पुलिस वाहन में मिले साक्ष्यों, आसपास के सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के आधार पर इसकी पुष्टि कर सकती है।

पुलिस ने गाड़ी साइड में करने के बाद परिजनों को फोन क्यों नहीं किया
पुलिस के अनुसार ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने हादसे के बाद गाड़ी को सड़क से हटाकर साइड में किया था। इसके बाद गोली चलने की घटना हुई। जांच में यह भी देखा जाना अहम होगा कि उस दौरान प्रदीप ने किसी परिजन या परिचित से फोन पर बात की थी या नहीं और यदि नहीं की तो इसकी वजह क्या थी।

मरने से पहले प्रदीप ने अपने मोबाइल से किसे कॉल किया था
प्रदीप की मौत से पहले उसके मोबाइल फोन से किन-किन नंबरों पर बातचीत हुई, यह जांच का अहम हिस्सा हो सकता है। कॉल डिटेल, मोबाइल लोकेशन और फोन में मौजूद चैट से घटना से पहले की उसकी गतिविधियों की जानकारी मिल सकती है।

जांच पूरी होने के बाद स्थिति होगी स्पष्ट

आर्यनगर थाना प्रभारी सुशील कुमार के अनुसार मामले की प्रारंभिक जांच में प्रदीप द्वारा लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। मौके से 32 बोर की पिस्टल बरामद हुई है। दूसरी ओर प्रदीप के पिता की ओर से हत्या की आशंका जताए जाने के बाद पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक साक्ष्य, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल और अन्य तथ्यों के आधार पर ही मौत की परिस्थितियां स्पष्ट होंगी।

खबर संक्षेप

जानलेवा हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। मदीना निवासी मोहित पर हुए जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को रोहतक पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मदीना निवासी रोहित पुत्र वजीर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे नियमानुसार भेज दिया गया। मामले की जांच जारी है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि 6 अगस्त को मोहित की शिकायत पर थाना लाखनमाजरा में केस दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार मोहित अपने दोस्तों तनुज, नितिन व अन्य के साथ खरेंटी गांव से मदीना लौट रहा था। रास्ते में निडाना माइनर के पास बिना नंबर की बोलेरो गाड़ी ने उनकी कार को रोक लिया। बोलेरो से रोहित, सचिन, मोनू और एक अन्य युवक उतरे। सचिन ने पिस्तौल से मोहित पर फायर किया। मोहित ने कार पीछे कर मौके से निकलकर जान बचाई। मामले की जांच अपराध शाखा महम के सहायक उपनिरीक्षक अश्वनी की टीम ने जांच के दौरान मंगलवार को रोहित को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में शामिल तीन अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

फसल अवशेष जलाने पर तत्काल प्रतिबंध

रोहतक। जिलाधीश सतबीर सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में खेतों में धान और अन्य फसलों के अवशेष जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश नागरिकों के स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार फसल अवशेष जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है और जहरीली गैसें वातावरण में फैलती हैं। इससे आमजन के स्वास्थ्य के साथ-साथ जीव-जंतुओं और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वायु प्रदूषण नियंत्रित करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए फसल अवशेष जलाने पर रोक लगाई गई है।



स्टेट बॉक्सिंग में म्हारे मुक्केबाजों ने 11 स्वर्ण व 4 रजत पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रोहतक के मुक्केबाजों ने कुल 11 स्वर्ण और 4 रजत पदक अपने नाम किए हैं। कोच प्रेम ने बताया कि सीनियर वर्ग की 56 किलोग्राम भार वर्ग में हर्षिता और 48 किलोग्राम भार वर्ग में मोहिनी ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि 51 किलोग्राम में वंश और 74 किलोग्राम में आदि ने रजत पदक प्राप्त किया। जूनियर वर्ग के 45 किलोग्राम में दीक्षा और 61 किलोग्राम में अभिषेक यादव ने स्वर्ण अपने नाम किया। इसके अलावा सब-जूनियर वर्ग में युवा खिलाड़ियों ने शानदार बढ़त बनाते हुए 40 किलोग्राम में हिमांक, 45 किलोग्राम में ध्रुव, 28 किलोग्राम में रौनक, 48 किलोग्राम में आयत, 32 किलोग्राम में जिया, 36 किलोग्राम में तरुण और 52 किलोग्राम में प्रतीक कुमार ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं, 48 किलोग्राम में हर्ष, 34 किलोग्राम में आदि और 38 किलोग्राम में दूसरे हर्ष ने रजत पदक हासिल किए। खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि से क्षेत्र में जश्न का माहौल है।

इंस्टाग्राम पर कपड़े खरीदने का झांसा दे बी-कॉम छात्रा से 93 हजार रुपये ठगे

- 899 रुपये के ऑर्डर पर डिलीवरी कोड के नाम पर में एक दिन में करवाई नौ ट्रांजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

इंस्टाग्राम पर पसंद आए कपड़े खरीदने की चाहत एक बी-कॉम छात्रा को करीब 93 हजार रुपये की चपत लगा गई। आरोपियों ने पहले ऑनलाइन कपड़ों की दुकान बताकर भरोसा जीता और फिर पार्सल पहुंचाने के नाम पर ऐसा भुगतान का सिलसिला शुरू किया कि जब तक छात्रा को ठगी का अहसास हुआ, उसके खाते से 93,368 रुपये निकल चुके थे।

गुलाब रेवड़ी, बड़ा बाजार निवासी नरगिस बी-कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा है। उसने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 सितंबर को इंस्टाग्राम पर कपड़ों का एक विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में दिखाए गए कपड़े पसंद आने पर उसने संबंधित इंस्टाग्राम आईडी पर संपर्क किया। शिकायत के अनुसार, सामने वाले व्यक्ति ने अमेजन पे से संबंधित स्क्रीनशॉट भेजकर खुद को रजिस्टर्ड कंपनी से जुड़ा बताया। इसके बाद कपड़ों की रेट लिस्ट भेजी गई और छात्रा ने एक ऑर्डर बुक कर दिया। आरोपी पक्ष ने कैश ऑन डिलीवरी की सुविधा नहीं होने की बात कहकर क्यूआर कोड भेजा, जिस पर छात्रा ने 899 रुपये का भुगतान कर दिया।

यूं हुई ठगी

23 सितंबर तक ऑर्डर नहीं पहुंचा तो उसी दिन छात्रा के व्हाट्सऐप पर संदेश आया। उसे बताया गया कि उसका पार्सल आ गया है और डिलीवरी लेने के लिए मोबाइल पर एक कोड आएगा। छात्रा के पास कोड नहीं आया तो आरोपियों ने नया बहाना बनाते हुए कहा कि कोड जीमेल पर आएगा और इसके लिए 1,750 रुपये भेजने होंगे। पुलिस को दी गई बैंक डिटेल के अनुसार 24 सितंबर को छात्रा के खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए रकम भेजी गई। इनमें 1,750, 3,249, 5,880, 6,890, 9,750, 13,550, 17,349, 19,950 और 15,000 रुपये के भुगतान शामिल हैं। पीड़िता के अनुसार, अलग-अलग भुगतानों को मिलाकर उसके साथ कुल 93,368 रुपये की धोखाधड़ी हुई। उसने आरोपियों के साथ व्हाट्सऐप पर हुई बातचीत के स्क्रीनशॉट और बैंक खाते की 24 पेज की स्टेटमेंट पुलिस को सौंपी है। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।



एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने के बाद घर पहुंची शैफाली वर्मा का स्वागत

बोली- पोडियम पर चढ़ना, गोल्ड मेडल पहनना और तिरंगा ऊंचा करना हर खिलाड़ी का सपना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने के बाद क्रिकेटर शैफाली वर्मा बुधवार को देर शाम अपने घर पहुंची। शैफाली का घर पर स्वागत किया गया। शैफाली ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, परिवार के सहयोग और सरकारी प्रोत्साहन को दिया है। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पोडियम पर चढ़ना, गले में गोल्ड मेडल पहनना और तिरंगा ऊंचा करना हर खिलाड़ी का सपना होता है, जिसके लिए वे जी-तोड़ मेहनत करती हैं। उन्होंने बताया कि समय के साथ खेलों के प्रति समाज की सोच में बड़ा बदलाव आया है। पहले बेटियों को खेलों में उतनी तवज्जो नहीं मिलती थी, लेकिन अब वे हर खेल में आगे बढ़कर देश के लिए 60 से अधिक पदक जीत चुकी हैं। विशेषकर महिला क्रिकेट और अन्य खेलों में हरियाणा और आसपास के क्षेत्रों की बेटियों ने जबरदस्त बाजी मारी है। इस सफलता के पीछे सरकार के मजबूत समर्थन और खेल नीतियों की अहम भूमिका है, जो हर एथलीट को आगे बढ़ने का अवसर दे रही हैं।

बुजुर्गों में ही नहीं युवाओं में भी सामने आ रहा लिम्फोमा का खतरा

गर्दन की गांठ को मामूली संक्रमण समझ न करें नजरअंदाज

- डेंटल, ईएनटी और सर्जरी ओपीडी में आए दिन पहुंच रहे ऐसे मरीज, कुछ में बुखार के बाद बनी गांठें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गर्दन पर अचानक उभरी छोटी-सी गांठ को अक्सर लोग संक्रमण या मौसम बदलने का असर मानकर छोड़ देते हैं। कई बार यह सामान्य लिम्फ नोड के बढ़ने की वजह से होती है और कुछ समय बाद खुद ठीक भी हो जाती है, लेकिन यही गांठ यदि लगातार बनी रहे, आकार बढ़ता जाए और इसके साथ वजन घटने, बार-बार बुखार या रात में अत्यधिक पसीना आने लगे तो इसे हल्के में लेना भारी पड़ सकता है। ऐसे लक्षण लसीका तंत्र के कैंसर लिम्फोमा में भी दिखाई दे सकते हैं। खास बात यह है कि लिम्फोमा बुजुर्गों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं में भी इसके मामले सामने आते हैं।


एआई जेनरेटेड

सूनी हुई गांठों में कैंसर बहुत दुर्लभ

सामान्य तौर पर सूजी हुई गांठों में कैंसर बहुत दुर्लभ होता है। एक बड़े मेडिकल अध्ययन के अनुसार, अस्पताल में (सूजे हुए) लिंफ नोड्स की जांच कराने वाले कुल मरीजों में से लगभग 10% से 11.5% लोगों में ही एक साल के भीतर किसी न किसी प्रकार का कैंसर या लिंफोमा पाया गया है। लिम्फोमा मुख्य रूप से दो प्रकार का होता है, हॉजकिन और नॉन-हॉजकिन लिम्फोमा। राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के 2022 के अनुमानों के अनुसार 15 से 39 वर्ष के युवाओं में पुरुषों में नॉन-हॉजकिन लिम्फोमा प्रमुख कैंसरों में शामिल रहा। इस आयु वर्ग में 4,444 मामलों का अनुमान लगाया गया था। बच्चों और किशोरों में भी लिम्फोमा महत्वपूर्ण कैंसर समूहों में शामिल है।

इन जगहों पर भी हो सकती है गांठ

लिम्फोमा में गांठ गर्दन के अलावा बगल या जांघ के पास भी महसूस हो सकती है। सामान्य संक्रमण के कारण बढ़ी गांठ में अक्सर दर्द या संक्रमण के अन्य लक्षण हो सकते हैं, जबकि लिम्फोमा की गांठ कई बार बिना दर्द के होती है और धीरे-धीरे बढ़ सकती है। हालांकि केवल गांठ के आधार पर कैंसर का निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। चिकित्सक के अनुसार, गर्दन या शरीर के किसी हिस्से में लिम्फ नोड कई कारणों से बढ़ सकता है। वायरल या बैक्टीरियल संक्रमण भी इसकी वजह हो सकता है। लेकिन यदि गांठ कई सप्ताह तक बनी रहती है, लगातार बढ़ती है या उसके साथ बिना कारण वजन कम होना, लंबे समय तक बुखार और रात में अत्यधिक पसीना आने जैसे लक्षण हों तो चिकित्सकीय जांच करानी चाहिए। जरूरत पड़ने पर डॉक्टर रक्त जांच, इमेजिंग और गांठ की बायोप्सी जैसी जांच के माध्यम से कारण की पुष्टि करते हैं।

क्या हैं कारण और जोखिम

हॉजकिन लिम्फोमा में 20 से 39 वर्ष की उम्र महत्वपूर्ण आयु समूह माना जाता है। परिवार में बीमारी का इतिहास और कुछ वायरल संक्रमण जोखिम से जुड़े हो सकते हैं। नॉन-हॉजकिन लिम्फोमा में बढ़ती उम्र, कमजोर प्रतिरोधक क्षमता, एचआईवी, एड्स, कुछ ऑटोइम्यून बीमारियां और कुछ संक्रमण जोखिम बढ़ा सकते हैं। हालांकि किसी जोखिम कारक का होना बीमारी होने की गारंटी नहीं है।

बीमारी के प्रकार के आधार पर होता है उसका उपचार

लिम्फोमा का इलाज उसके प्रकार, स्टेज और मरीज की स्थिति के आधार पर तय किया जाता है। उपचार में कीमोथेरेपी, रेडिएशन, इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी का इस्तेमाल किया जा सकता है। कुछ मरीजों में स्टेम सेल ट्रांसप्लांट की आवश्यकता भी पड़ सकती है। कुछ लिम्फोमा तेजी से बढ़ते हैं, इसलिए समय पर बीमारी की पहचान और उपचार शुरू करना महत्वपूर्ण होता है।

झाड़े के चक्कर में न आएं



आजकल ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। शरीर में कहीं भी कोई भी गांठ हो तो उसे कम न आंके। किसी झाड़े के चक्कर में न आए। हर गांठ कैंसर नहीं होती। कई बार गांठ स्वयं ठीक हो जाती है। लगातार बुखार, सूजन, खांसी में खून आने पर तत्काल चिकित्सक को दिखाएं और इससे संबंधित जांचें जरूर करवाएं।

-डॉ. रोहित अरोड़ा, चिकित्सक

कार सवार 3 युवक नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस की एएनसी टीम ने थाना सांपला क्षेत्र में कार सवार तीन युवकों को नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 108 नाइट्राजेपाम की गोलियां और 2 किलो 958 ग्राम अफीम बरामद हुई है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया गया।

पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक अंचल के नेतृत्व में एएनसी टीम हसनगढ़ बस स्टैंड के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि कार सवार तीन युवक नशीला पदार्थ बेचने का काम करते हैं और जम्मू-कटरा रोड से हसनगढ़ की तरफ आ रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए संदिग्ध कार को रुकवाकर उसमें सवार तीन युवकों को काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान नारायण पुत्र हरिराम निवासी सिसाना, रोनक पुत्र जयभगवान निवासी बिधलान तथा नरेंद्र पुत्र रमेश निवासी मुरथल, जिला सोनीपत के रूप में हुई। नियमानुसार कार की तलाशी लेने पर 108 नाइट्राजेपाम की गोलियां और 2 किलो 958 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने तीनों के खिलाफ थाना सांपला में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जातीय टिप्पणी विवाद के बाद महम में भाईचारे पर जोर, सर्वखाप में सामने आए मतभेद

राजकुमार नरवाल ▶▶| महम

महम में डॉ. ओपी चिटकारा की ओर से जाट समाज को लेकर की गई कथित टिप्पणी के बाद शुरू हुआ विवाद अब दो स्तरों पर सामने आ रहा है। एक ओर विभिन्न खाप और बिरादरी प्रतिनिधि मामले को शांत कर महम में सभी जातियों के बीच भाईचारा बनाए रखने पर जोर दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर विवाद के निपटारे के तरीके को लेकर महम चौबीसी सर्वखाप पंचायत के भीतर मतभेद उभर आए हैं। बुधवार को मोखरा गांव में महम चौबीसी सर्वखाप पंचायत के मोखरा तपा की पंचायत हुई। इसी दिन सर्वखाप पंचायत के प्रवक्ता कृष्ण सिवाच और सह-प्रवक्ता संदीप नेहरा ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया।



सार्वजनिक रूप से माफी मांगे डॉ. चिटकारा : राठी

पंचायत के प्रधान अनिल राठी ने अलग रुख रखा है। उन्होंने कहा कि डॉ. ओपी चिटकारा ने जाट समाज के बारे में असभ्य भाषा का इस्तेमाल किया, जिसकी सर्वजातीय सर्वखाप पंचायत निंदा करती है। राठी के अनुसार महम में 36 बिरादरी के लोग भाईचारे के साथ रहते हैं और इस तरह की टिप्पणी से आपसी संबंध प्रभावित हो सकते हैं। राठी ने कहा कि बंद कमरे में दो-तीन लोगों के सामने माफी मांगने से मामला पूरी तरह समाप्त नहीं होगा। उनका कहना है कि डॉ. चिटकारा को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि डॉक्टर चौबीसी चबूतरे पर जाट समाज के मौजिज लोगों की मौजूदगी में माफी मांगते हैं तो इससे विवाद खत्म करने और 36 बिरादरी के भाईचारे को मजबूत करने में मदद मिल सकती है।

मोखरा गांव में हुई तपा की पंचायत, सर्वखाप में माफी पर एक और पक्ष आया सामने

सर्वखाप के प्रवक्ता और सह प्रवक्ता ने दिए इस्तीफे

डॉ. चिटकारा के मामले को सर्वखाप पंचायत द्वारा सुलझाए जाने के दावे के बीच





पंचायत के दो पदाधिकारियों के इस्तीफे ने विवाद के दूसरे पहलू को सामने ला दिया है। सर्वखाप पंचायत के प्रवक्ता कृष्ण सिवाच और सह-प्रवक्ता संदीप नेहरा ने बुधवार को अपने इस्तीफे चौबीसी सर्वखाप पंचायत के महासचिव मास्टर रामफल राठी को भेजे। दोनों ने कहा कि वे पंचायत की मौजूदा कार्यप्रणाली के तहत प्रवक्ता पद पर आगे काम करने में असमर्थ हैं। त्यागपत्र देने वाले दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि वे महम चौबीसी की ऐतिहासिक पंचायत की प्रतिष्ठा बनाए रखने के उद्देश्य से इससे जुड़े थे। उनका कहना है कि पंचायत को निजी हितों के बजाय समाजहित और न्याय के आधार पर काम करना चाहिए। फिलहाल पंचायतों की ओर से सामने आए बयानों में एक साझा चिंता महम में विभिन्न बिरादरियों के बीच बने सामाजिक संबंधों को लेकर दिखाई दे रही है, लेकिन विवाद के समाधान के तरीके को लेकर मतभेद कायम हैं।

खाप नेतृत्व की प्रणाली पर उठाए सवाल

इस्तीफा देने वाले पदाधिकारियों ने डॉ. चिटकारा के मामले में खाप नेतृत्व की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि मामले में पंचायत दबाव में थी। उन्होंने खाप प्रधान सुभाष गोयत की कार्यप्रणाली से नाराजगी जताते हुए कहा कि डॉक्टर के घर जाकर बंद कमरे में माफी स्वीकार करना उचित नहीं था। हालांकि इन आरोपों पर खाप नेतृत्व का अलग पक्ष सामने आना बाकी है। इसलिए इस्तीफे के पीछे बताए गए कारण फिलहाल त्यागपत्र देने वाले पदाधिकारियों के आरोप और उनका पक्ष हैं।

पंचायत ने की टिप्पणी के घटनाक्रम की निंदा

मोखरा तपा की पंचायत की अध्यक्षता प्रधान रामकिशन मलिक ने की। पंचायत में डॉ. चिटकारा द्वारा जाट समाज के संबंध में की गई टिप्पणी के घटनाक्रम की निंदा की गई। मलिक ने कहा कि किसी भी जाति का व्यक्ति दूसरी जाति के बारे में किसी तरह की टिप्पणी या तंज न कसे। उनके अनुसार जातीय टिप्पणी से विभिन्न समुदायों के बीच लंबे समय से बना भाईचारा प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी जाति पर टिप्पणी करता है तो उसका सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। मलिक ने सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी जातियों के बीच आपसी भाईचारा कायम रखने पर जोर दिया। उन्होंने डॉ. चिटकारा के मामले को लेकर राजनीति नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि महम में सभी जातियों के लोग मिल-जुलकर रहते हैं और ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाना चाहिए जिससे इस भाईचारे में दरार आए।

सामाजिक सौहार्द बनाए रखने पर दिया जोर

इस तरह विवाद में फिलहाल तीन प्रमुख बातें सामने आ रही हैं। पहली, मोखरा तपा की पंचायत ने जातीय टिप्पणियों पर रोक और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया है। दूसरी, सर्वखाप पंचायत के दो पदाधिकारियों ने मामले के निपटारे की प्रक्रिया से असहमति जताते हुए इस्तीफा दिया है। तीसरी, सर्वजातीय सर्वखाप पंचायत के प्रधान ने बंद कमरे में हुई माफी को पर्याप्त न मानते हुए सार्वजनिक माफी की मांग रखी है। मामले का अगला रुख इस बात पर निर्भर करेगा कि डॉ. चिटकारा इस सार्वजनिक माफी की मांग पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं और सर्वखाप पंचायत अपने भीतर उभरे मतभेदों को किस तरह सुलझाती है।



आंगन मिलन समारोह में बच्चों के साथ शामिल हुईं मंत्री श्रुति चौधरी

रोहतक। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सेवा संकल्प अभियान और पोषण माह के तहत बुधवार को मॉडल टाउन स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में आंगन मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने की। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों से बातचीत की और विभिन्न गतिविधियों में उनके साथ भाग लिया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म करवाई गई तथा पौधारोपण, हस्ताक्षर और सेल्फी अभियान भी आयोजित किए गए। मंत्री ने आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली तथा कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के कार्यों की सराहना की। गर्भवती महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा मातृ-शिशु देखभाल के संबंध में जानकारी दी गई। उन्हें नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने और विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि उत्सव का उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों को समुदाय से जोड़ना और महिलाओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं समग्र विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में एसडीएम आशीष कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी सहित विभागीय अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और लाभार्थी मौजूद रहे।

प्रदेशभर के अधिकारियों ने जिले में देखी बच्चों की निपुण वाटिका

लर्निंग कॉर्नर, आकर्षक वॉल पेंटिंग व साज-सज्जा का किया अवलोकन

सेक्टर-2,3 व 4 स्थित राजकीय स्कूलों में जिला मौलिक अधिकारियों व एफएलएन समन्वयकों ने किया एक्सपोजर विजिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। छात्रा से बातचीत करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

बुधवार को सेक्टर 2, 3 और 4 स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्थापित 'निपुण वाटिका' का प्रदेशभर से आए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों और एफएलएन समन्वयकों ने एक्सपोजर विजिट किया। इस दौरान विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने निपुण वाटिका से सीखे आधुनिक कौशल का अधिकारियों को सीधे संवाद के जरिए शानदार परिचय दिया।

स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद मुख्यालय के निर्देश पर आयोजित इस विजिट का मुख्य उद्देश्य बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान की प्रगति का जायजा लेना था। विजिट के दौरान अधिकारियों ने वाटिका में बच्चों के लिए तैयार किए गए लर्निंग कॉर्नर, गतिविधि आधारित शिक्षण सामग्री , आकर्षक वॉल पेंटिंग, खेल-खेल में सीखने के मॉडलों और साज-सज्जा का बारीकी से अवलोकन किया। अधिकारियों ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से सीधे संवाद किया और उनकी भाषा व गणित सीखने की क्षमता को परखा। बच्चों का गजब का आत्मविश्वास और सीखने का स्तर देखकर सभी अधिकारी बेहद संतुष्ट नजर आए। निरीक्षण के बाद महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सभागार में एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसमें अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार और अन्य निपुण अधिकारियों ने निपुण भारत मिशन के तहत अपनाई जा रही नवाचारी शिक्षण विधियों, टीएलएम के उपयोग और बच्चों की प्रगति के आकलन पर विस्तार से चर्चा की। राज्य एफएलएन समन्वयक प्रमोद कुमार ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बच्चों की संख्यात्मक समझ और दक्षता बढ़ाने पर विशेष रूप से कार्य करें। उन्होंने बताया कि इस 'निपुण वाटिका मॉडल' को पूरे प्रदेशभर में लागू किया जाना है ताकि विद्यार्थी खेल-खेल में आसानी से शिक्षा ग्रहण कर सकें।

हर जिले में खुलेगी मॉडल निपुण वाटिका: अधिकारी

पंचकूला से पहुंचे एफएलएन समन्वयक असिंद्र कुमार ने कहा कि रोहतक का यह मॉडल अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इसे सभी जिलों में लागू किया जाएगा ताकि हर बच्चा बुनियादी शिक्षा में निपुण बन सके। रोहतक के जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा और एफएलएन समन्वयक रुपांशी हुड्डा ने साझा किया कि मुख्यालय के निर्देशानुसार हर जिले में एक मॉडल निपुण वाटिका खोली जानी है। एडीसी नरेंद्र कुमार ने भी इस दौरान जिले में निपुण वाटिका मॉडल को और बेहतर बनाने के लिए सभी अधिकारियों से बहुमूल्य सुझाव मांगे।

न्यूज डायरी

एमडीयू में सात कर्मचारी सेवानिवृत्त, दी विदाई



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में बुधवार को सात कर्मचारियों ने अपनी दीर्घकालीन सेवाएं पूर्ण कर सेवानिवृत्ति ग्रहण की। इनमें डिप्टी रजिस्ट्रार सुमित अरोड़ा, असिस्टेंट रजिस्ट्रार सत्यवीर श्योराण, सुपरिंटेंडेंट धूप सिंह, असिस्टेंट सुरेश कुमार, क्लर्क राम कुमार, दफ्तरी कमला देवी तथा स्वीपर बिमला देवी शामिल हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया तथा कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट, संगीत विभाग की अध्यक्ष प्रो विमल, यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की निदेशक प्रो पूजा सुनेजा, कुलपति के निजी सचिव खैराती लाल मौजूद रहे।

सीबीटी में एआई और जनरेटिव एआई पर बूट कैंप

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर बायोइन्फॉर्मेटिक्स एंड टेक्नोलॉजी (सीबीटी) में विद्यार्थियों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और जनरेटिव एआई विषय पर बूट कैंप आयोजित किया गया। नैसकॉम के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एआई की अवधारणा, उपयोग और बदलते तकनीकी दौर में इसके महत्व की जानकारी दी गई। नैसकॉम की ओर से जतिन ने विद्यार्थियों को एआई के विभिन्न पहलुओं और व्यावहारिक उपयोगों से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब देते हुए एआई की जटिल अवधारणाओं को सरल तरीके से समझाया। सीसीपीसी की निदेशक प्रो. दिव्या मल्हान ने विद्यार्थियों को नई तकनीकों के साथ कदमताल करने और अपने तकनीकी एवं डिजिटल कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. रितु गिल और प्रो. सरबजीत गिल मौजूद रहे।

भागवत कथा के तीसरे दिन भक्तिरस में डूबे भक्त



रोहतक। मानव कल्याण सोसायटी की ओर से शहीद मदनलाल ढींगड़ा कम्युनिटी सेंटर, पुराना आईटीआई ग्राउंड में आयोजित 12वीं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तिरस में सराबोर हो गए।कथा व्यास भागवत पीठाधीश्वर आचार्य देशभूषण वशिष्ठ महाराज (वृंदावन वाले) ने संगीतमय प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर गुलशन नारंग भट्ठे वाले, रविंद्र जुनेजा, धीरज जुनेजा, राकेश आहुजा, सुमित अरोड़ा, सचिन गुप्ता, सुशील अरोड़ा, संजय आहुजा, डॉ. राजेंद्र माडिया सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

शिविर में जांचा 150 लोगों का स्वास्थ्य

रोहतक। पीजीआईएमएस के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में "सेवा संकल्प अभियान" के अंतर्गत 30 सितंबर 2026 को कबीर धर्मशाला स्थित सब-सेंटर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 150 मरीजों की स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान 15 गर्भवती महिलाओं की जांच भी की गई। शिविर के दौरान पीजीआईएमएस के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के पीजी रेजिडेंट्स डॉ. लक्ष्य एवं डॉ. मेघा द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता आयोजित की गई। शिविर में डॉ. ज्योत्सना, सीनियर रेजिडेंट; डॉ. हिमानी, सीनियर रेजिडेंट; डॉ. मीनू; डॉ. निशा; डॉ. अमनदीप आदि मौजूद रहे।



'आंगन मिलन सेवा' में डॉ. अशोक कुमार रंगा ने लाभार्थियों से किया संवाद

रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कलानौर विधानसभा क्षेत्र के गांव सुडाना में रविवार को 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे डॉ. अशोक कुमार रंगा ने आंगनवाड़ी केंद्र से जुड़ी लाभार्थी माताओं एवं महिलाओं से सीधा संवाद किया और महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही।ॅ. अशोक कुमार रंगा ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र मातृ एवं शिशु पोषण, स्वास्थ्य जागरूकता और प्रारंभिक बाल विकास की व्यवस्था को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से योजनाओं का लाभ लेने के साथ-साथ पात्र परिवारों तक उनकी जानकारी पहुंचाने का भी आह्वान किया।गांव सुडाना से शुरू हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माताओं, लाभार्थी महिलाओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय



नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को जनभागीदारी का स्वरूप दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से आरंभ हुए सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज का ये 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम 25 सितंबर से 7 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान चादरुप ढाका, राज सिंह,राजा,सुरेश कुमार ब्लाक समिति मेम्बर, विजय ,भल्ली राम आदि मौजूद रहे।

छात्रों को बताए नशे के दुष्परिणाम



महम। राजकीय महाविद्यालय महम में बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत नशा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मीनू नैन प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय मोखरा उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर दुष्प्रभाव डालता है।

केंद्रीय पशु पंजीकरण योजना को 'चल बैजयंती ट्राफी'

रोहतक।पशुपालन एवं डेयरी विभाग, भारत सरकार के अधीन केंद्रीय पशु पंजीकरण योजना रोहतक को राजभाषा हिंदी के प्रभावी प्रयोग और उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों में 'चल बैजयन्ती ट्रॉफी' से सम्मानित किया गया। विभाग के 30 अधीनस्थ कार्यालयों और स्वायत्त निकायों में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। राजभाषा सम्मान समारोह में राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने यह पुरस्कार केंद्रीय पशु पंजीकरण योजना रोहतक के सहायक आयुक्त एवं प्रभारी डॉ. मनीष कुमार मौर्य को प्रदान किया। दिल्ली में आयोजित समारोह में विभाग के सचिव नरेश पाल गंगवार, अपर सचिव वर्षा जोशी, अपर सचिव राम शंकर सिन्हा और संयुक्त सचिव डॉ. मुथुकुमारासामी बी. सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

वार्ड-3 में जनभागीदारी से चलाया विशेष सफाई अभियान



रोहतक। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत नगर निगम की ओर से शहर के विभिन्न वार्डों में विशेष सफाई अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को वार्ड-3 में वार्ड सदस्य और स्थानीय निवासियों की भागीदारी से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। निगम महापौर रामअवतार वाल्मीकि ने बताया कि 'सेवा संकल्प अभियान' का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करना है। वार्ड-3 में स्थानीय लोगों के सहयोग से चलाए गए अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों से कूड़ा-कचरा एकत्रित किया गया। नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र ढुहन ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर का मुख्य उद्देश्य सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी करना और उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विदाई समारोह में पांच अधिकारी और कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त



रोहतक। पुलिस में कार्यरत पांच अधिकारी-कर्मचारी आज पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य एवं बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। सेवानिवृत्त होने वालों में हॉनरेरी निरीक्षक बलबीर सिंह, हॉनरेरी निरीक्षक हरेन्द्र कुमार, हॉनरेरी निरीक्षक जसबीर सिंह, हॉनरेरी निरीक्षक रोहताश कुमार तथा उपनिरीक्षक भुपेश सिंह शामिल रहे।

आईटीआई कंसाला में चलाया स्वच्छता सौंदर्यीकरण और नवीनीकरण अभियान



रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत राजकीय आईटीआई कंसाला में स्वच्छता सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण अभियान चलाया गया। प्रधानाचार्य मंजीत दहिया ने कहा कि उपायुक्त के मार्गदर्शन में राजकीय आईटीआई कंसाला द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न जन जागरूकता, स्वछता एवं सौंदर्यीकरण गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही है। इस कड़ी में कोऑर्डिनेटर प्रवीण देशवाल एवं ज्योति दहिया के मार्गदर्शन में स्टाफ सदस्यों और अनेकों विद्यार्थियों ने श्रमदान कर भाग लिया। इस अवसर पर चांद खोखर, करमवीर सिवाच जगदीस, मनोज सैनी, दीपक राहुल, दर्शना, सीमा, प्रियंका एवं दिलबाग आदि रहे।

शिविर में युवाओं को रक्तदान पर किया जागरूक



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान एवं अंगदान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यूथ रेड क्रॉस, छात्र कल्याण विभाग, सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी, जनसंपर्क कार्यालय और यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रक्तदान और अंगदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने युवाओं से मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने और रक्तदान एवं अंगदान के प्रति जागरूकता के दूत बनने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता डीन, सीडीसी प्रो. राजेश पूनिया ने कहा कि पुरानी धारणाओं से बाहर निकलकर समाज में रक्तदान और अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने और मानव जीवन बचाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को आगे आने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने लैंगिक समानता की शपथ भी उपस्थिजन को दिलवाई। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग ने भी विद्यार्थियों को रक्तदान और अंगदान के लिए प्रेरित किया।

नवाचार को उद्यम से जोड़े विद्यार्थी : वीसी



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने विद्यार्थियों से नए विचारों को व्यावहारिक उद्यम में बदलने और समाज की समस्याओं के समाधान के लिए नवाचार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उद्यमिता को करियर के विकल्प के रूप में अपनाते हुए देश की आर्थिक प्रगति में योगदान देना चाहिए। वे सेवा संकल्प अभियान के तहत फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर में आयोजित 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन एमडीयू के सेंटर फॉर इनोवेशन, इन्क्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (सीआईआईई) और छात्र कल्याण विभाग ने एमएसएमई, रोहतक के सहयोग से किया। इसमें विद्यार्थियों, शोधार्थियों, नवोन्मेषकों और भावी उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि विश्वविद्यालय में उद्यमिता को मुख्यधारा में लाने के साथ सामाजिक रूप से उपयोगी नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए मजबूत वातावरण तैयार किया जा रहा है। उकुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के नए विचारों को आगे बढ़ाने के लिए सुचारु प्रशासनिक व्यवस्था उपलब्ध है। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की नवाचार एवं उद्यमिता व्यवस्था से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। सीआईआईई निदेशक प्रो. अजित कुमार ने केंद्र की ओर से उपलब्ध मार्गदर्शन, तकनीकी सहायता, विशेषज्ञों से संपर्क और बाजार तक पहुंच जैसी सुविधाओं की जानकारी दी।

बैठक एसआईआर व सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों पर चर्चा

कांग्रेस को चुनाव आयोग पर आरोप लगाने से पहले करना चाहिए आत्ममंथन: पूर्व मंत्री

भाजपा ने चोरी से नहीं, काम से बनाई सरकार : मनीष ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष कुमार ग्रोवर ने बुधवार को स्थानीय सिंचाई विश्रामगृह में एसआईआर व सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव गांव चलने वाले कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में सेवा संकल्प अभियान के तहत 2 और 3 अक्टूबर को गांव-गांव आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि



हरियाणा में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार चोरी से नहीं, बल्कि सरकार द्वारा कराए गए कामों और बड़े फैसलों से बनी है। कांग्रेस को चुनाव आयोग पर आरोप लगाने से पहले यह आत्ममंथन करना चाहिए कि हरियाणा की जनता ने उसे नकारते हुए भाजपा को अपना समर्थन क्यों दिया। बैठक में रोहतक ब्लॉक समिति अध्यक्ष खुशीराम हुड्डा, मंडल अध्यक्ष मुकेश वशिष्ठ, मंडल अध्यक्ष अमित चौहान, मंडल अध्यक्ष मनोज पहलवान, मंडल अध्यक्ष कुलदीप कौशिक, मंडल अध्यक्ष नवीन शर्मा, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र नांदल, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष अमित मग्गू, मंडल अध्यक्ष रॉकी सहगल, महंत सतीश दास, कर्नल संदीप नैन, मंडल अध्यक्ष कुलदीप आसन, मंडल अध्यक्ष गीता ओहलायन, मंडल अध्यक्ष भूप सिंह, कलानौर मार्केट कमेटी अध्यक्ष राजू फौजी, महम ब्लॉक समिति अध्यक्ष नवनीत राठी सहित अनेक पार्षद व पदाधिकारी मौजूद रहे।

जोन 3 से एडवोकेट गुगन बने निर्विरोध निदेशक

रोहतक। सहकारी चीनी मिल के निदेशक मंडल के चुनाव में जोन नंबर-3, गोहाना रोड से एडवोकेट गुगन सिंह हुड्डा निर्विरोध निदेशक निर्वाचित हुए हैं। सहकारी चीनी मिल रोहतक के निदेशक मंडल के चुनाव 11 अक्टूबर 2026 को होने हैं। चुनाव प्रक्रिया के तहत जोन नंबर-3 से उनके सामने किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया, जिसके चलते उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।



गुगन सिंह हुड्डा वर्ष 1984 से लगातार रोहतक शुगर मिल के निदेशक निर्वाचित होते आ रहे हैं। इसके अलावा वे सहकारी चीनी मिल महम, हरियाणा शुगर फेडरेशन तथा नेशनल शुगर फेडरेशन दिल्ली के भी निदेशक रह चुके हैं। निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद हुड्डा ने कहा कि किसानों, मजदूरों और कर्मचारियों के हितों की मजबूती से पैरवी करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ मिल के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

कार्रवाई की गई

द आर्यन ग्लोबल में इंटर-हाउस प्रतियोगिता में हल्दीघाटी हाउस जीता



रोहतक। द आर्यन ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते विभिन्न इंटर-हाउस प्रतियोगिताओं का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए इंटर-हाउस एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने आत्मविश्वास, प्रभावशाली अभिव्यक्ति एवं उत्कृष्ट वक्तृत्व कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए माइथोलॉजिकल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भारतीय पौराणिक कथाओं के कम चर्चित पात्रों के विषय में गहन अध्ययन एवं अद्भुत समझ का परिचय दिया।प्रतियोगिताओं में सभी विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं जोश के साथ भाग लिया तथा अपने-अपने हाउस का प्रतिनिधित्व करते सराहनीय प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच हल्दीघाटी हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते विजेता का खिताब अपने नाम किया। निदेशिका सुनीता अहलावत ने सभी के प्रदर्शन की सराहना करते कहा कि गतिविधियाँ न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान को समृद्ध करती हैं, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता को भी सशक्त बनाती हैं।

एमडीयू के 20 शोधार्थी पीएचडी के पात्र

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने परीक्षकों के बोर्ड और शोध समिति की अनुशंसा पर 20 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान करने के लिए पात्र घोषित किया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि पीएचडी डिग्री के पात्र शोधार्थी हैं बॉटनी से निशा और साक्षी सैनी, बायोकेमिस्ट्री से रितु, मेडिकल बायो टेक्नोलॉजी से सोनल, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से मनीषा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग से आकाश, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी के अंतर्गत फिजिक्स से नेहा सहरावत, भौतिकी विभाग से हिमानी अहलावत, विधि विभाग से हिमानी अहलावत, मैनेजमेंट से कनिका गोयल, समाजशास्त्र विभाग से इनायत, अर्थशास्त्र विभाग से विनोद, राजनीतिक विज्ञान विभाग से तिलक राज, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग से पूनम रानी, फार्मेसी विभाग से आदित्य कुमार, अंग्रेजी विभाग से पूजा गोठवाल, पत्रकारिता विभाग से कवलजीत सिंह, कंप्यूटर साइंस से दीपक शर्मा और पूनम तथा गणित विभाग से भावना दांगी।

क्विज में छाया दुहन पब्लिक स्कूल



रोहतक। दुहन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी की 157 वीं जयंती के उपलक्ष में आयोजित भव्य क्विज प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम रविवार को सुबह 11:00 बजे दिल्ली रोड स्थित जाट धर्मशाला के पास, देवीलाल पार्क के सामने पर 'प्रभात वाटिका' में आयोजित किया गया। कांग्रेस सेवादल द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय /"महात्मा गांधी का जीवन परिचय था। प्रतियोगिता में छात्रों से बापू के जीवन उनके आदर्शों - सत्य, अहिंसा, स्वराज और मानवता से जुड़े विभिन्न सवाल पूछे गए। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के दसवीं कक्षा के छात्र सारिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसे 32 इंच की एलइडी से पुरस्कृत किया गया । दसवीं कक्षा के छात्र मोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के अध्यक्ष अशोक दुहन, डायरेक्टर डॉ सुनीता दुहन, प्राचार्या अनु राणा, उप-प्राचार्या संतोष मलिक ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना की।

प्रो. राजीव बने मदवि सांख्यिकी विभाग अध्यक्ष



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने गणितीय एवं कम्प्यूटेशनल विज्ञान संकाय के डीन प्रो. राजीव कुमार को सांख्यिकी विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने बताया कि बतौर सांख्यिकी विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार की नियुक्ति 31 दिसंबर 2026 तक की गई है। आज प्रो. राजीव कुमार ने सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर गणित विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुमित गिल, एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. सविता राठी, सांख्यिकी विभाग के प्राध्यापक, गणित विभाग के प्राध्यापक, स्टाफ सदस्य, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने प्रो. राजीव कुमार का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

गुरुकुल स्कूल में प्रदर्शनी लगाई



रोहतक। गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में क्षेत्रीय अभिलेखागार विभाग, रोहतक मंडल, रोहतक के सहयोग से "ऐतिहासिक एवं दुर्लभ अभिलेखों की प्रदर्शनी" का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं शुभ आरंभ गुरुकुल संस्थापक एवं संचालक आचार्य हरिदत्त उपाध्याय ने किया। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश एवं प्रदेश के इतिहास, महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दस्तावेजों तथा अभिलेखीय धरोहरों से परिचित करवाना और उनमें इतिहास एवं भारतीय विरासत के प्रति रुचि उत्पन्न करना रहा। विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित विभिन्न ऐतिहासिक अभिलेखों एवं दस्तावेजों का अवलोकन किया तथा उनके ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की।

लापरवाही! खिलाड़ियों ने बिना किट जीते पदक प्रतियोगिता खत्म होने के बाद भी नहीं मिली खेल किट

- कई खिलाड़ियों को टीए-डीए भी समय पर नहीं मिला, कुछ ने अपनी जेब से किया खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्कूल स्तर की खेल प्रतिभाओं को निखारने के दावे करने वाले शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। 59वीं राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिताएं समाप्त होने के बावजूद रोहतक के खिलाड़ियों को अभी तक खेल किट नहीं मिल पाई है।

इसके बावजूद जिले के युवा खिलाड़ियों ने विपरीत परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किए हैं। ऐसे में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ी विभिन्न जिलों में आयोजित प्रतियोगिताओं में बिना खेल किट के ही पहुंचकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। प्रतियोगिताएं अब समाप्त भी हो चुकी है, लेकिन खिलाड़ियों किट अभी तक नहीं मिली है। इस प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिना किट पदक भी जीते हैं। ऐसे में एक ओर खिलाड़ी राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए मेहनत कर रहे है, वहीं दूसरी ओर खिलाड़ियों को सुविधाएं समय पर नहीं मिलने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिला स्तर पर विजेता खिलाड़ियों के लिए प्रावधान

शिक्षा निदेशालय की ओर से जिला स्तर पर विजेता खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भेजने से पहले संबंधित खेल की आवश्यक सुविधाएं और खेल किट उपलब्ध करवाने का प्रावधान है। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए तैयार करना और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाना है। इतना ही नहीं खेल किट के साथ-साथ कई खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को समय पर टीए डीए नहीं मिला है। जिसके चलते कुछ खिलाड़ियों को अपने स्तर पर खर्च कर प्रतियोगिताओं में भाग लेना पड़ा।



टेक्निकल कमी के कारण नहीं मिली किट

जेम पोर्टल के किट खरीदी जाती है। जेम पोर्टल में टेक्निकल कमी के कारण खिलाड़ियों को किट नहीं मिल पाई थी। अब जल्द ही सभी खिलाड़ियों को किट मिल जाएगी। **मनजीत मलिक, जिला शिक्षा अधिकारी, रोहतक**

सेक्टर-3 में स्कूल के सामने बदहाल सड़क, चोटिल हो रहे बच्चे

शिकायतों के बाद भी नहीं सुधरे हालात, मिला सिर्फ आश्वासन

- साइकिल, स्कूटर और अन्य वाहनों से स्कूल आने वाले बच्चों को हो रही अधिक परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। सेक्टर-3 में पॉलीक्लिनिक के टूटी पड़क सड़क।

सुबह स्कूल की ओर बढ़ते कदम हों या छुट्टी के बाद घर लौटते बच्चे... सेक्टर-3 में पॉलीक्लिनिक के सामने सड़क की बदहाली ने उनकी राह मुश्किल कर दी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी हुई रोड़ियां बच्चों के लिए हादसे का खतरा बनी हुई हैं। साइकिल, स्कूटर और अन्य वाहनों से स्कूल आने वाले कई बच्चे फिसलकर गिरने के कारण चोटिल हो रहे हैं। अभिभावकों और स्थानीय लोगों का कहना है कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन बार-बार शिकायतों के बाद भी सड़क की कोई सुध नहीं ली जा रही। जय कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल के डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि सड़क की हालत को लेकर प्रशासन से कई बार अनुरोध किया जा चुका है। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने प्रशासन से सड़क की जल्द मरम्मत करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सड़क की मरम्मत होने से सेक्टरवासियों, स्कूल के विद्यार्थियों, अभिभावकों और पॉलीक्लिनिक आने वाले लोगों को राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द सड़क को दुरुस्त कराने की मांग की है।

यहां पर सड़क की हालत खस्ता

सेक्टर-3 में पॉलीक्लिनिक के सामने जय कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल स्थित है। यहां रोजाना स्कूल के विद्यार्थियों के अलावा पॉलीक्लिनिक में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों समेत बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है। सड़क की खराब हालत के कारण सुबह और शाम के समय सबसे ज्यादा परेशानी होती है। सड़क पर बिखरी रोड़ियों के कारण दोपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल चलने वालों को भी संभलकर निकलना पड़ता है।

पीजीआईएमएस में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई



रोहतक। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंति सभागार में बुधवार को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में आज सेवानिवृत्त हुईं सीनियर नर्सिंग अफसर शकुंतला और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी प्रेमो देवी को सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच अग्रवाल ने कहा कि किसी भी संस्थान की नींव उसके कर्मचारी होते हैं। उन्होंने कहा कि एक चपरासी से लेकर उच्च अधिकारी तक सभी की भूमिका से ही संस्थान चलता है। सेवानिवृत्त कर्मचारी अपना पूरा जीवन संस्थान की सेवा में समर्पित कर देते हैं और उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों के द्वारा दी गई सेवाओं की सराहना की और उनके स्वस्थ, सुखमय और सम्मानित जीवन की कामना की। समारोह में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारियों के परिजन और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

एमबीबीएस प्रथम वर्ष के शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



रोहतक। पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में बुधवार को एमबीबीएस प्रथम वर्ष के नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ भारतीय संस्कृति और परंपरा के अनुरूप हवन-पूजन के साथ किया गया। जानकारी देते हुए पीजीआई के निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा के बाहर विधिवत हवन करवाया गया, जिसमें नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों और स्टाफ ने आहुति देकर नए सत्र की मंगलमय शुरुआत की।निदेशक डॉ. सिंघल ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं है, बल्कि यह सेवा, संस्कार और मानवीय मूल्यों का संगम है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि हमारे छात्र अपने शैक्षणिक जीवन की शुरुआत सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और भारतीय संस्कारों के साथ करें। हवन का उद्देश्य छात्रों में एकाग्रता, शुद्धता और सेवा भाव जागृत करना है।डॉ. सिंघल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत विश्वविद्यालय न केवल मरीजों की सेवा के लिए संकल्पबद्ध है, बल्कि छात्रों में भी सेवा भाव को शुरुआत से ही विकसित करने के लिए प्रयासरत है। डॉ सिंघल ने छात्रों से आह्वान किया कि वे कड़ी मेहनत, ईमानदारी और सहानुभूति के साथ चिकित्सा की पढ़ाई करें, ताकि भविष्य में वे समाज के लिए एक कुशल और संवेदनशील चिकित्सक बन सकें।

पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पौधा जरूर लगाएं : कु. एचके अग्रवाल

- सेवा संकल्प अभियान के तहत पीजीआईएमएस परिसर में पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को एक व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत विश्वविद्यालय परिसर में सुश्रुता ऑडिटोरियम से निदेशक कार्यालय तक लगभग 150 औषधीय, फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। इस पहल का उद्देश्य परिसर को हरा-भरा बनाना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण ही जीवन संरक्षण है। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन गया है और इससे बचाव का सबसे सरल और सशक्त उपाय अधिक से अधिक पौधारोपण है। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सविता सिंघल, जनसंपर्क विभाग के सीनियर प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. मंजुनाथ बी. सी., एस्टेट ऑफिसर दुष्यंत सहित विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण में बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

गणित विभाग में रक्तदान के लिए छात्रों को दिलाई शपथ

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। 1 अक्टूबर को आयोजित होने वाले स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के मद्देनजर आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेट प्रो. सविता राठी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवक राघव बंसल ने विद्यार्थियों को रक्तदान की शपथ दिलाई। इस दौरान गणित विभाग के एनएसएस स्वयंसेवक मोनू, मनीषा और सुजीत ने सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यार्थियों को नियमित रूप से इस पुनीत कार्य के लिए आगे आने का संदेश दिया गया। एनएसएस सेल की ओर से सभी पात्र एवं इच्छुक युवाओं से 1 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई।



दीपांशु मिस्टर तो किरण को मिस फ्रेशर का खिताब

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में एमए प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के दौरान दीपांशु को मिस्टर फ्रेशर और किरण को मिस फ्रेशर चुना गया। वहीं, अंकित ने मिस्टर पर्सनैलिटी और मानसी ने मिस पर्सनैलिटी का खिताब हासिल किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नीतू, ईशु और श्वेता को भी सम्मानित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. ममता देवी ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. ममता देवी के साथ प्रो. राजेंद्र शर्मा, डॉ. प्रदीप अहलावत, डॉ. निशा मोहन, स्टाफ सदस्य, शोधार्थी तथा एमए के अंतिम एवं पूर्व वर्ष के विद्यार्थी मौजूद रहे।



राजकीय महिला कॉलेज में कैंडल मेकिंग वर्कशॉप

रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक के गृह विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय कैंडल मेकिंग वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा ने की। प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्राओं में रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती हैं और उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करती हैं। इस कार्यशाला की संयोजिका रितु हुड्डा रहीं। वर्कशॉप के लिए रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. हरप्रीत कौर छात्राओं को विभिन्न प्रकार की मोमबत्तियां, आवश्यक सामग्री और उपकरण, सुगंध और रंगों के विकल्प तथा सुरक्षित तरीके से मोमबत्ती बनाने के टिप्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर गृह विज्ञान विभाग की फैकल्टी डॉ. पंकज शर्मा, मोनिका नारंग और डॉ. प्रिंसी कत्याल भी उपस्थित रहीं।

आईएचएम में कार्यशाला में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम), रोहतक में टल्लीहो बेवरेज अकादमी के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए वाइन पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को फूड एंड बेवरेज क्षेत्र से जुड़े व्यावहारिक ज्ञान और कौशल से परिचित कराना था।यह जानकारी देते हुए संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि साची लांबा और अंकित भाटिया ने प्रशिक्षक के रूप में विद्यार्थियों को वाइन के विभिन्न प्रकारों, उनके स्वाद, सुगंध, विशेषताओं और सर्विंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

शोध में आधुनिक तकनीक की जानकारी जरूरी : प्रो. राणा

रोहतक। एमडीयू के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणदीप राणा ने कहा कि वर्तमान समय में शोधकर्ताओं के लिए आधुनिक सांख्यिकीय एवं अर्थमितीय उपकरणों में दक्षता हासिल करना जरूरी है। डेटा विश्लेषण की बेहतर समझ शोध की गुणवत्ता को मजबूत करने के साथ शोधार्थियों के शैक्षणिक विकास में भी सहायक है। वे एमडीयू के अर्थशास्त्र विभाग में स्टाटा का उपयोग करते हुए अर्थमितीय विश्लेषण विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। प्रो. रणदीप राणा ने कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए प्रतिभागियों के शोध कौशल को विकसित करने वाली इस पहल के लिए अर्थशास्त्र विभाग की सराहना की। उन्होंने विभाग को इस महत्वपूर्ण कार्यशाला के आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

Govt. Regd.
WINTRON LIBRARY
...peaceful place to win your dreams
FACILITIES
- Peaceful with strict disciplined & Motivational environment
- Situated in Sec-14 in front of MDU Gate No. 2
- Best Lighting for study
- Separate Seats for Girls
- Employment Newspaper
- Well furnished & Fully A.C.
- Free Wi-Fi Zone
- 24x7 power backup
- Parking Facility
- CCTV Surveillance
- Reserve Seats Available
- Fix Seats Available
- Seats with Computer Facility available
Address: SCO-6, Sector-14, Rohtak
Contact: 8930246662

SHRI GORAKH CYBER CAFE
Online Services | CSC | Print | Scan | Photocopy
CSC & जनसेवा केन्द्र
CSC ID: 464546120011
आवश्यकता है
COMPUTER OPERATOR
(MALE/FEMALE)
पद: Computer Operator (M/F)
योग्यता: Basic Computer Knowledge
समय: Full Time स्थान: Rohtak
संपर्क: 9812515432
Shri Gorakh Cyber Cafe Janta Colony, Rohtak

कई चर्चित हिंदी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं आकाशादित्य लामा

सुपवा में फिल्म निर्माता-निर्देशक ने ली मास्टर क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) स्थित सेंट्रल ऑडिटोरियम में बुधवार को फिल्म एवं टेलीविजन फैकेल्टी के छात्रों के लिए मास्टर क्लास आयोजित की गई। इसमें बॉलीवुड के प्रख्यात फिल्म निर्माता-निर्देशक आकाशादित्य लामा ने छात्रों के साथ अपने रचनात्मक अनुभव व फिल्म निर्माण की बारीकियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि एक्टर, निर्देशक, राइटर, सिनेमेटोग्राफर, डिजाइनर को अपने काम में विशेषज्ञता लानी होगी, अन्यथा एआई के जमाने में वे पिछड़ सकते हैं। सुपवा पहुंचने पर कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने लामा को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान नेशनल अवॉर्डी फिल्म निर्माता-निर्देशक अतुल गंगवार, रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा, डीन अकादमिक डॉ अजय कौशिक, एफटीवी के एफसी महेश टीपी, प्लानिंग एवं आर्किटेक्चर के एफसी अजयबाहू जोशी आदि मौजूद रहे। मंच संचालन कर रहे प्रोफेसर विभांशु वैभव ने आकाशादित्य लामा का परिचय कराते हुए बताया कि उन्होंने सुपरहिट फिल्म 'गदर-एक प्रेम कथा' से बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखा। इसके बाद वे 'तौबा तेरा जलवा', 'बंगाल 1947', 'दुल्हनिया ले आएगी', 'सिगरेट की तरह', 'नानी तेरी मोरनी' आदि चर्चित फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। जबकि, 'कुसूम', 'कुमकुम', 'चेहरा', 'झिलमिल सितारों का आंगन होगा', 'हमारी बेटियों का विवाह' आदि चर्चित टीवी धारावाहिकों के लिए लेखन का कार्य कर चुके हैं।

अच्छी फिल्म की नींव उसकी पटकथा

मास्टर क्लास के दौरान लामा ने कहा कि एक अच्छी फिल्म की नींव उसकी कहानी व पटकथा में होती है। उनके अनुसार, निर्देशक के लिए केवल तकनीकी जानकारी पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे कहानी, पात्रों और उनके भावनात्मक संसार को गहराई से समझना भी जरूरी है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे अपने आसपास की घटनाओं, लोगों व सामाजिक परिवेश को ध्यान से देखें, क्योंकि वास्तविक जीवन रचनात्मक लेखन के लिए महत्वपूर्ण स्रोत हो सकता है। पटकथा लेखन पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहानी को प्रभावशाली बनाने के लिए पात्रों के विकास और संवादों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पटकथा केवल घटनाओं का क्रम नहीं होती, बल्कि वह फिल्म की दृश्य भाषा व भावनात्मक यात्रा का आधार तैयार करती है। निर्देशक को पटकथा को समझते हुए यह तय करना होता है कि किसी विचार या भावना को कैमरे के माध्यम से किस तरह प्रस्तुत किया जाए।

कई फरियादी चौथी बार शिकायत लेकर पहुंचे, नहीं मिला तत्काल समाधान

परिवेदना समिति में 12 शिकायतों पर सुनवाई, कई मामलों में जांच के निर्देश

29 लाख के बैंक नुकसान की शिकायत पर जांच कमेटी गठित

- कुछ मामलों में तत्काल समाधान नहीं होने पर संबंधित विभागों की प्रक्रिया के लिए भेज दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। परिवेदना समिति की बैठक की अध्यक्षता करतीं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी। फोटो : हरिभूमि

जिला विकास भवन में बुधवार को जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक में 12 शिकायतों पर सुनवाई हुई। बैठक में कई फरियादी ऐसी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिन्हें वे पहले भी समिति के समक्ष उठा चुके हैं। कुछ मामलों में इस बार भी तत्काल समाधान नहीं हो सका और शिकायतों को जांच, पुलिस कार्रवाई या संबंधित विभागों की प्रक्रिया के लिए आगे भेज दिया गया। वहीं, प्रशासन की ओर से बैठक में अधिकांश शिकायतों का मौके पर निपटारा किए जाने का दावा किया गया। बैठक की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने की। बैठक में शामिल होने के लिए फरियादी तय समय पर जिला विकास भवन पहुंच गए थे, लेकिन मंत्री श्रुति चौधरी करीब ढाई घंटे देरी से दोपहर बाद ढाई बजे पहुंचीं। इस कारण फरियादियों को लंबा इंतजार करना पड़ा। मंत्री के पहुंचने के बाद एक-एक कर 12 परिवेदनाओं पर सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान कुछ मामलों में अधिकारियों की ओर से पहले की कार्रवाई और मौजूदा स्थिति बताई गई, जबकि कुछ शिकायतों पर जांच समितियां गठित करने या मामले संबंधित विभाग को भेजने के निर्देश दिए गए।

केस-1 दोहरा विकास शुल्क की शिकायत

मस्तनाथ नगर के जगबीर समेत अन्य निवासी चौथी बार दोहरा विकास शुल्क की शिकायत लेकर पहुंचे। डीसी ने बताया कि मामला अदालत में विचाराधीन है। फरियादियों ने इसकी जानकारी पहले नहीं देने पर सवाल उठाया।

केस-2 धोखाधड़ी की शिकायत लेकर पहुंचे

गुरुग्राम निवासी मनोज कटारिया तीसरी-चौथी बार फ्लैट धोखाधड़ी की शिकायत लेकर पहुंचे। उनका आरोप है कि पिछली बैठक में कार्रवाई के निर्देश के बावजूद केस दर्ज नहीं हुआ। एसपी ने उन्हें संतुष्ट करने का प्रयास किया, लेकिन समाधान नहीं हुआ। शिकायत की जांच गुरुग्राम पुलिस को सौंपने की सिफारिश की गई।

केस-3 कलानौर में फुट ओवरब्रिज की मांग

कलानौर रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज की मांग चौथी बार बैठक में उठाई गई। पीडब्ल्यूडी और रेलवे ने निर्धारित स्थान पर निर्माण को उचित नहीं बताया। इसके बावजूद एडीसी की अध्यक्षता में समिति गठित कर मामले की जांच के निर्देश दिए गए।

केस-4 एसबीआई पर लापरवाही का आरोप

आंवली की बिल्लो ने एसबीआई रोहतक पर लापरवाही से 29 लाख रुपये के नुकसान का आरोप लगाया। उनका कहना था कि क्लेम की राशि देने से बैंक ने मना कर दिया। मंत्री ने एडीसी की अध्यक्षता में समिति गठित कर जांच और रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

केस-5 डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

महम वार्ड-9 निवासी रतनलाल ने पीजीआई के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया। मंत्री ने अधिकारियों की समिति गठित कर जांच के निर्देश दिए।

केस-6 धोखाधड़ी के आरोपी को वापस लाए

खिड़वाली निवासी राजकुमार की शिकायत पर एसपी को धोखाधड़ी के आरोपी को विदेश से वापस लाने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा गया। मोखरा निवासी अमित की शिकायत पर बताया गया कि संबंधित जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच चल रही है।

केस-7 किसानों की समस्या पर जल्द दौरा

रिठाल फौगाट के किसानों की समस्या पर डीसी ने कहा कि प्रशासन के उच्चाधिकारी जल्द गांव का दौरा करेंगे और माइक्रो एसटीपी स्थापित करने की संभावना देखेंगे।

केस-8 विद्यालय में नए भवन की मांग

ग्राम पंचायत बलंभ की शिकायत पर लोक निर्माण विभाग को राजकीय उच्च विद्यालय के नए भवन की निर्माण प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए।

समस्याएं रखते फरियादी



खबर संक्षेप

2 और 3 अक्टूबर को होगा नमो सेवागाथा का मंचन

रोहतक। रोहतक में 2 और 3 अक्टूबर को विभिन्न स्थानों पर 'नमो सेवागाथा' नुक्कड़ नाटक का मंचन होगा। तैयारियों को लेकर बुधवार को सिंचाई विश्राम गृह में पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें नगर निगम आयुक्त दुहन, एडीसी नरेंद्र कुमार समेत अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मंचन स्थलों, कलाकारों और दर्शकों की सुविधा को लेकर व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

धान की पूरी उपज एमएसपी पर खरीदने की मांग

रोहतक। हरियाणा अखिल भारतीय किसान सभा ने धान खरीद पर लगाई गई शर्तों और जिला स्तर पर तय खरीद सीमा का विरोध किया है। सभा ने पूरी उपज एमएसपी पर खरीदने और सूखा प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलकर फसलों की गिरदावरी व मुआवजा देने की मांग की।राज्य अध्यक्ष बलबीर सिंह ने कहा कि गेट पास, पोर्टल और खरीद सीमा जैसी प्रक्रियाओं से किसानों को परेशानी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि शर्तों के कारण किसान उपज कम दाम पर बेचने को मजबूर हो सकते हैं।

प्रमुख चौक-चौराहों व बाजारों में जाम रोकने के लिए रेहड़ी-फड़ी को अलग स्थान मिलेगा

4,300 रेहड़ी और फड़ी वालों के लिए बनेंगे वेंडिंग जोन

मार्च 2027 तक पूरा होगा काम, नए रेहड़ी-फड़ी वालों को भी निगम में कराना होगा पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और बाजारों में ट्रैफिक जाम तथा अतिक्रमण की समस्या का कारण बन रही रेहड़ी-फड़ी को जल्द ही अलग स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। नगर निगम और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के माध्यम से शहर में अलग-अलग वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे। इस पूरी व्यवस्था को मार्च 2027 तक पूरा करवाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत सर्वे में चिह्नित करीब 4,300 स्ट्रीट वेंडरों को उनकी संख्या और कारोबार के अनुसार रेहड़ी-फड़ी लगाने के लिए निर्धारित स्थान उपलब्ध कराया जाएगा।

नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रीट वेंडरों को व्यवस्थित करने की योजना के तहत करीब 11 स्थानों पर वेंडिंग जोन विकसित किए जाने हैं। इसके लिए नगर निगम क्षेत्र में पहले ही प्रमुख बाजारों के साथ-साथ गली-मोहल्लों में कारोबार करने वाले स्ट्रीट वेंडरों का सर्वे करवाया जा चुका है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के निर्देश पर करवाए गए सर्वे में करीब 4,300 स्ट्रीट वेंडरों को चिह्नित किया गया है। अब इसी आंकड़े के आधार पर वेंडिंग जोन विकसित करने और वहां सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना पर काम किया जाएगा।



यातायात बाधित होने की समस्या कम होगी

गोहाना अड्डा, जींद बाईपास चौक, नया व पुराना बस स्टैंड, मॉडल टाउन, सुनारिया चौक और सब्जी मंडी समेत कई क्षेत्रों में वेंडिंग जोन विकसित होंगे। यहां रेहड़ी-फड़ी संचालकों को निर्धारित स्थान मिलेगा, जिससे अतिक्रमण और यातायात बाधित होने की समस्या कम होगी।

8 % महिलाएं, 92 % पुरुष भागीदार

स्ट्रीट वेंडिंग सर्वे में महिलाओं की भागीदारी करीब 8 प्रतिशत रही, जबकि पुरुष स्ट्रीट वेंडरों की संख्या करीब 92 प्रतिशत दर्ज की गई। सर्वे में आय और शैक्षणिक स्थिति से जुड़ी जानकारी भी जुटाई गई। इसमें कम आय वाले तथा अशिक्षित स्ट्रीट वेंडरों की संख्या अधिक सामने आई। करीब 200 रुपये प्रतिदिन तक कमाने वाले वेंडरों की संख्या अधिक है, जबकि 500 रुपये या इससे अधिक दैनिक आय वाले वेंडरों की संख्या अपेक्षाकृत कम है।

तीन श्रेणियों में सर्वे

नगर निगम की ओर से स्ट्रीट वेंडरों का सर्वे तीन श्रेणियों में किया गया। इसमें फेरी वाले, स्थायी रेहड़ी वाले और मोबाइल रेहड़ी वाले शामिल हैं। सर्वे के अनुसार सब्जी का कारोबार करने वाले वेंडरों की संख्या सबसे अधिक है। कुल स्ट्रीट वेंडरों में उनकी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक बताई गई है। इसके बाद फल विक्रेताओं की संख्या है। वेंडरों के कारोबार और संख्या को ध्यान में रखते हुए ही संभावित वेंडिंग जोन के स्थान चिह्नित किए गए हैं।

वेंडरों के रिकॉर्ड तैयार

अब शहर में नई रेहड़ी या फड़ी लगाने वाले लोगों के लिए भी नगर निगम में पंजीकरण करवाना जरूरी होगा। निगम में पंजीकरण होने से शहर में स्ट्रीट वेंडरों की वास्तविक संख्या का रिकॉर्ड तैयार रहेगा और उसी के अनुसार भविष्य में वेंडिंग जोन तथा अन्य सुविधाओं की योजना बनाई जा सकेगी। निगम की ओर से बिना पंजीकरण के नई रेहड़ी-फड़ी लगने से रोकने के लिए भी व्यवस्था की जाएगी। इससे शहर में रेहड़ी-फड़ी कारोबार को व्यवस्थित करने के साथ स्वच्छता व्यवस्था और यातायात प्रबंधन में भी मदद मिलने की उम्मीद है।

बिना अनुमति पोस्टर लगाए तो निगम करेगा मुकदमा

पोस्टर अब जेट मशीन से हटेंगे

- पोस्टर, बैनर लगाने से पहले निगम से अनुमति लेना होगा जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री लगाने वालों पर नगर निगम कार्रवाई करेगा। निगम ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित स्थानों के अलावा कहीं भी प्रचार सामग्री लगाने की अनुमति नहीं होगी। बिना अनुमति लगाए गए पोस्टर निगम की टीम हटाएगी और जिम्मेदार व्यक्ति या संस्था के खिलाफ मुकदमे की कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को निगम की टीम ने जेट मशीन की मदद से विभिन्न चौक-चौराहों पर लगे पोस्टर हटाए। अधिकारियों के अनुसार डिवाइडर, बिजली के खंभों और दीवारों पर पोस्टर लगाने से शहर की सुंदरता प्रभावित होती है। पोस्टर हटाने के बाद दोबारा लगाने वालों पर भी निगरानी रखी जाएगी।

पोस्टर पर लिखे संदेश के आधार पर कार्रवाई

निगम की कार्रवाई केवल पोस्टर हटाने तक सीमित नहीं रहेगी। बिना अनुमति प्रचार सामग्री लगाने वालों की पहचान होने पर संबंधित व्यक्ति, संस्था या आयोजक के खिलाफ नियमानुसार मुकदमा और जुर्माना लगाने की कार्रवाई भी की जा सकती है। निगम पोस्टर पर दर्ज नाम, संदेश, संस्था अथवा आयोजन से संबंधित जानकारी के आधार पर जिम्मेदार व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास करेगा।

सार्वजनिक स्थानों पोस्टर न चिपकाएं

नगर निगम की ओर से लोगों से अपील की गई है कि वे सार्वजनिक स्थानों की दीवारों और चौक-चौराहों को पोस्टर चिपकाकर खराब न करें। किसी कार्यक्रम, संस्थान या अन्य प्रचार गतिविधि के लिए पोस्टर अथवा अन्य सामग्री लगानी है तो पहले निगम से निर्धारित प्रक्रिया के तहत अनुमति लें। निगम का कहना है कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए केवल सफाई अभियान ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्थानों को अनधिकृत प्रचार सामग्री से मुक्त रखना भी जरूरी है।

महम, गढ़ी-सांपला-किलोई में 18 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

रोहतक। सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने बुधवार को महम, कलानौर और गढ़ी-सांपला-किलोई क्षेत्रों में करोड़ों रुपये की 18 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। महम व कलानौर में 12 परियोजनाओं का उद्घाटन और दो का शिलान्यास किया गया। महम में 24.18 करोड़ रुपये से पूर्ण 12 कार्यों का उद्घाटन हुआ।मंत्री ने 4.60 करोड़ रुपये से बीसीपाल माइनर व 1-आर न्यू मोखरा माइनर के पुनर्स्थापना व रिमॉडलिंग कार्यों का शिलान्यास किया। इससे कई गांवों के किसानों को लाभ मिलेगा।गढ़ी-सांपला-किलोई में 4.20 करोड़ रुपये से पूर्ण छह बाढ़ बचाव कार्यों का उद्घाटन और 3.70 करोड़ रुपये की चार सिंचाई परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। मंत्री ने किसानों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिए।



एमडीयू एलुमनाई एसोसिएशन का चुनाव 17 अक्टूबर को

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) एलुमनाई एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि एलुमनाई एसोसिएशन के उपाध्यक्ष-3, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष पदों के लिए 17 अक्टूबर 2026 को मतदान होगा। चुनाव में चुनी जाने वाली कार्यकारिणी का कार्यकाल अक्टूबर 2026 से सितंबर 2029 तक तीन वर्ष का रहेगा। असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर प्रो. जसवंत सैनी ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 5 से 9 अक्टूबर तक चलेगी। इच्छुक प्रत्याशी सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर के द्वितीय तल स्थित एलुमनाई रिलेशन्स कार्यालय में रिटर्निंग ऑफिसर अथवा असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। 12 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसी दिन नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) की जाएगी। चुनाव के लिए मतदान 17 अक्टूबर, शनिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक एमडीयू के आईएचटीएम कॉन्फ्रेंस हॉल में कराया जाएगा। मतदान समाप्त होते ही दोपहर 3 बजे से मतगणना शुरू होगी। मतगणना पूरी होने के बाद उसी दिन चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

- नामांकन प्रक्रिया 5 से 9 अक्टूबर तक

धरना समाप्त, 12 दिसंबर को दिल्ली में रैली का ऐलान



रोहतक। रिटायर्ड कर्मचारी संघ की जिला इकाई की ओर से अपनी मांगों को लेकर शुरू किया गया 24 घंटे का धरना बुधवार को सुबह 11 बजे समाप्त हो गया। जिला प्रधान जगपाल सांगवान ने धरने का समापन कराया। उन्होंने बताया कि धरने में 80 वर्ष से अधिक आयु के 24 बुजुर्ग कर्मचारी भी शामिल हुए। इनमें कई साथी लाठी के सहारे धरना स्थल तक पहुंचे। संघ पदाधिकारियों ने इसे कर्मचारियों के आंदोलन के प्रति बुजुर्गों के उत्साह और प्रतिबद्धता का उदाहरण बताया। समापन अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ के राज्य संगठन सचिव जयबीर चहल ने कहा कि बुजुर्ग कर्मचारियों का हौसला प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि 24 घंटे के धरने में कुल 286 साथियों ने भाग लिया। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आंदोलन की आगामी गतिविधियों को सफल बनाने के लिए तैयारी शुरू करने का आह्वान किया। जयबीर चहल ने कहा कि आंदोलन की अगली कड़ी में 12 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में ऐतिहासिक रैली आयोजित की जाएगी।

ड्रंक एंड ड्राइव पर पुलिस का शिकंजा, रात को चेकिंग बढ़ाई

9 महीने में 2700 चालान

- ट्रैफिक पुलिस ने शराब के सेवन के बाद वाहन न चलाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रात का वक्त, सड़क पर दौड़ती गाड़ियां और स्टेयरिंग संभाले ऐसा चालक जिसने शराब के बाद खुद को बिल्कुल फिट समझ लिया। लेकिन सड़क पर कुछ दूरी तय करते ही पुलिस का नाका सामने आ गया तो नशे का अंदाजा ब्रेथ एनालाइजर ने लगा दिया। पिछले नौ महीनों में ऐसे करीब 2700 वाहन चालक पुलिस की कार्रवाई की जद में आए। आंकड़ा बताता है कि औसतन हर महीने करीब 300 चालान ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों में किए गए। पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ सोशल मीडिया के जरिए भी लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर नजर रखने के लिए पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर नाके और चेकिंग अभियान चलाए। इस दौरान वाहन चालकों को रोककर उनकी जांच की गई। जांच में शराब के नशे में पाए जाने वाले चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। पुलिस की चेकिंग का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि सड़क पर संभावित हादसों को रोकना भी रहा। शराब के प्रभाव में वाहन चलाने से चालक की प्रतिक्रिया देने की क्षमता और सड़क पर अचानक पैदा होने वाली स्थिति को संभालने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

नगर निगम के स्पेशल प्रोजेक्ट के तहत कराया गया निर्माण, ड्रेन नंबर आठ में जाने वाले नाले से जोड़ा

बारिश में ढाई से तीन फुट तक भर जाता था पानी

500 मीटर नाला बनने से सोनीपत रोड और जसबीर कॉलोनी में जलभराव से मिलेगी राहत

सोनीपत रोड व आसपास के हजारों परिवारों को मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बारिश शुरू होते ही सोनीपत रोड और जसबीर कॉलोनी के हजारों परिवारों की चिंता बढ़ जाती थी। आसमान से बरसने वाला पानी सड़क और गलियों में जमा होकर घरों तक पहुंच जाता था। कई जगह ढाई से तीन फुट तक पानी भरने के कारण लोगों को घंटों जलभराव से जूझना पड़ता था।

वर्षों से चली आ रही इस समस्या से अब राहत मिलने की उम्मीद जगी है। नगर निगम की ओर से क्षेत्र में पानी की निकासी के लिए 500 मीटर से अधिक लंबा नाला तैयार करवाया गया है। इस नाले को ड्रेन नंबर आठ में जाने वाले नाले से लिंक कर दिया गया है, जिससे बारिश का पानी क्षेत्र से बाहर निकालने का रास्ता तैयार हो गया है।



रोहतक। सोनीपत रोड पर नगर निगम द्वारा बनवाया गया नाला। फोटो : हरिभूमि

14 करोड़ से ज्यादा के नालों का स्पेशल प्रोजेक्ट

नगर निगम की ओर से शहर में जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए स्पेशल प्रोजेक्ट के तहत 16 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विभिन्न नालों का निर्माण कराया जाना है। इसी योजना के तहत सोनीपत रोड और जसबीर कॉलोनी में बनाए गए नाले को भी देखा जा रहा है। 500 मीटर से अधिक लंबे इस नाले को ड्रेन नंबर आठ में जाने वाले नाले से जोड़ने के बाद क्षेत्र के बारिश के पानी की निकासी के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हो गया है।

गोहाना रोड पर मिट्टी डालने से नाला बंद, सड़क पर जलभराव से दिक्कत

रोहतक। गोहाना रोड पर नाले के किनारे मिट्टी डालने से पानी की निकासी बाधित हो गई है। इससे सड़क के एक हिस्से में जलभराव हो गया और राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गोहाना रोड शहर का प्रमुख मार्ग होने के कारण यहां दिनभर वाहनों की आवाजाही रहती है। जलभराव के चलते दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। पानी के नीचे सड़क के गड्ढे दिखाई नहीं देने से हादसे का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से नाले में डाली गई मिट्टी हटाकर जलनिकासी व्यवस्था जल्द बहाल करने की मांग की है।

